# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH student invited for International Conclave to be held in London

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 15-09-2022**

# हकेवि की छात्रा अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव के लिए आमंत्रित

## 21 से 23 सितंबर तक लंदन में आयोजित होगी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की



छात्रा सिमरन चौहान को यूनाइटेड किंगडम में आयोजित होने वाले आत्मनिर्भर भारत पर अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में पर्यावरण विषय पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। विश्वविद्यालय छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि सिमरन को यह मौका पर्यावरण संसद में उनकी भागीदारी व पर्यावरण के प्रति किए गए उनके सराहनीय कार्यों को देखते हुए प्राप्त हुआ है। सिमरन एक होनहार छात्रा है। विश्वविद्यालय में वह शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेती है। विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन आगामी 21 से 23 सितंबर तक लंदन में किया जा रहा है। इससे पहले भी दिल्ली संसद भवन में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण यूथ संसद में भी लीडर आफ अपोजिशन का अवार्ड प्राप्त करके सिमरन ने क्षेत्र व विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। नारनौल निवासी सिमरन चौहान के पिता श्री शिवचरण चौहान ने बताया कि बचपन से ही सिमरन की रूचि सामाजिक कार्यों में रही है। पर्यावरण से उसे बेहद लगाव है। अपने इसी लगाव से चलते वह अब तक हजारों पेड़ वितरण कर चुकी है। सिमरन चौहान ने बताया कि अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अपने माता-पिता को देती हैं, जिनके मार्गदर्शन व प्रेरणा से वह विभिन्न चुनौतियों का सामना कर शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी प्रतिभागिता कर पा रही है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 15-09-2022**

# अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव में हकेंवि की छात्रा सिमरन लेंगी भाग

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) की स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा सिमरन चौहान को यूनाइटेड किंगडम में आयोजित होने वाले आत्मनिर्भर भारत पर अंतरर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में पर्यावरण विषय पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि सिमरन की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई दी। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन आगामी 21 से 23 सितंबर तक लंदन में किया जा रहा है। इससे पहले भी दिल्ली संसद भवन में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण यूथ संसद में भी लीडर आफ अपोजिशन का अवार्ड प्राप्त करके सिमरन ने क्षेत्र व विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। नारनौल निवासी सिमरन चौहान के पिता शिवचरण चौहान ने बताया कि बचपन से ही सिमरन की रुचि सामाजिक कार्यों में रही है। पर्यावरण से उसे बेहद लगाव है। इस लगाव से चलते वह हजारों पेड़ बांट चुकी है।


सिमरन।

**पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को देखते हुए किया आमंत्रित**

सिमरन चौहान ने बताया कि अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अपने माता-पिता को देती हैं, जिनके मार्गदर्शन व प्रेरणा से वह विभिन्न चुनौतियों का सामना कर शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी प्रतिभागिता कर पा रही है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 15-09-2022**

# अंतरराष्ट्रीय कान्क्लेव के लिए हकेंवि की छात्रा सिमरन आमंत्रित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा सिमरन चौहान को यूनाइटेड किंगडम में आयोजित होने वाले आत्मनिर्भर भारत पर अंतरराष्ट्रीय कान्क्लेव में पर्यावरण विषय पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

छात्रा की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि सिमरन को यह मौका पर्यावरण संसद में उनकी भागीदारी व पर्यावरण के प्रति किए गए उनके सराहनीय कार्यों को देखते हुए प्राप्त हुआ है।

सिमरन एक होनहार छात्रा है। विश्वविद्यालय में वह शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेती हैं। विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन आगामी 21 से 23 सितंबर तक लंदन में किया जा रहा है।

इससे पहले भी दिल्ली संसद भवन में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण यूथ संसद में भी विपक्ष के नेता का अवार्ड प्राप्त करके सिमरन ने क्षेत्र और विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन के पिता शिवचरण चौहान ने बताया कि बचपन से ही सिमरन की रूचि सामाजिक कार्यों में रही है।

पर्यावरण से उसे बेहद लगाव है। अपने इसी लगाव से चलते वह अब तक हजारों पौधे वितरित कर चुकी है। सिमरन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अपने माता- पिता को दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 15-09-2022**

# हकेंवि की छात्रा अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव के लिए आमंत्रित

महेंद्रगढ़ (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा सिमरन चौहान को यूनाइटेड किंगडम में आयोजित होने वाले आत्मनिर्भर भारत पर अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में पर्यावरण विषय पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया गया है।



*सिमरन चौहान।*

विश्वविद्यालय छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि सिमरन को यह मौका पर्यावरण संसद में उनकी भागीदारी व पर्यावरण के प्रति किए गए उनके सराहनीय कार्यों को देखते हुए प्राप्त हुआ है। सिमरन एक होनहार छात्रा है। विश्वविद्यालय में वह शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेती है।

विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन 21 से 23 सितम्बर तक लंदन में किया जा रहा है। इससे पहले भी दिल्ली संसद भवन में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण यूथ संसद में भी लीडर आफ अपोजिशन का अवार्ड प्राप्त करके सिमरन ने क्षेत्र व विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

नारनौल निवासी सिमरन चौहान के पिता शिवचरण चौहान ने बताया कि बचपन से ही सिमरन की रुचि सामाजिक कार्यों में रही है।